एफ. सं. 01-01/2023-प्रशासन

भारत सरकार

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

**एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110 029**

**टेलीफोन नं. 26701700**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) **में अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता (Biological Disasters) के पद के लिए विज्ञापन.**

एनडीएमए निम्नलिखित पद के लिए अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्रमांक | पद का नाम | पद का प्रकार | रिक्ति की सं. | शैक्षणिक योग्यता | योग्यता के बाद का अनुभव | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ परामर्शदाता (Biological Disasters) | अनुबंधात्मक | 1 (एक) | आवश्यक :-<br>एमबीबीएस/बीडीएस के साथ किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जैविक आपदा/ सार्वजनिक स्वास्थ्य में मास्टर डिग्री.<br>वांछनीय :-<br>• महामारी विज्ञान, संक्रामक रोग नियंत्रण, जैव सुरक्षा में अतिरिक्त प्रमाणपत्र या प्रशिक्षण.<br>• एनडीएमए या अन्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठनों के साथ पूर्व अनुभव वांछनीय है.<br>• महामारी/कोविड-19 जैसी जैविक आपदाओं में विशेषज्ञता एक लाभ होगी. | • सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात-कालीन प्रबंधन या समान क्षेत्र में कम से कम पांच वर्षों का अनुभव.<br>नोटः-<br>समान शिक्षा और अनुभव वाले सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, जिनकी अधिकतम आयु 62 वर्ष हो और जिन्होंने INR 7,600/- या उससे अधिक ग्रेड वेतन वाले पद पर कार्य किया हो, वे भी आवेदन कर सकते हैं. | वरिष्ठ परामर्शदाता के लिए 50 वर्ष (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के मामले में अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष है) |

2. **पारिश्रमिक बैंड** : रु. 1,25,000/- - 1,75,000/- वरिष्ठ परामर्शदाता के लिए, परामर्शदाता के रूप में नियुक्त सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के संबंध में पारिश्रमिक वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के दिनांक 09 दिसंबर, 2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-25/2020-ई.III.ए के अनुसार विनियमित किया जाएगा.

3. उपरोक्त पद के लिए विस्तृत नियम और शर्तें तथा पात्रता मानदंड (शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव आदि) टर्म ऑफ़ रेफरेंस (टीओआर) में दर्शाए गए हैं तथा इन्हें एनडीएमए की वेबसाइट **http://ndma.gov.in** पर देखा जा सकता है.

4. आवश्यक/वांछनीय शैक्षिक योग्यता और अनुभव का सत्यापन मूल प्रमाणपत्रों के साथ किया जाएगा.

5. इच्छुक उम्मीदवार रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **20 दिनों के भीतर** एनडीएमए वेबसाइट के माध्यम से पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

6. आवेदन पर केवल तभी विचार किया जाएगा जब आवेदक एनडीएमए जॉब पोर्टल (**http://ndma.gov.in**) के माध्यम से आवेदन करेंगे. **आवेदन के किसी अन्य माध्यम पर विचार नहीं किया जाएगा. ऑनलाइन आवेदन करने में किसी भी सहायता के लिए कृपया @ 9958136496/9873997934 पर कॉल करें.**

**महत्वपूर्ण नोटः अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा एनडीएमए ऐसे आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

(सरोज कुजुर)

अवर सचिव (जनरल)

**EN 10/88**